क्रिकेट
22 से 27 जून तक होल्कर स्टेडियम इंदौर में आयोजित होगा शिविर

# आराध्य, यश व फैज का एमपीसीए कैम्प में चयन

**नवभारत, जबलपुर।** एमपीसीए एकेडमी द्वारा बालकों की अण्डर 19, अण्डर 16 व अण्डर 14 तथा बालिकाओं की अण्डर 15 का कैम्प 22 से 27 जून तक होल्कर स्टेडियम इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए खिलाड़ियों की घोषणा कर दी गई है।



अण्डर 19 बालकों के चयनित खिलाड़ियों में आर्यन कुशवाहा, अशमन नायर, रुपांग अग्रवाल, रेहान खान, सार्थक वर्मा, रूद्र प्रताप सिंह तोमर, हर्षित दुबे, गिरीराज शर्मा, प्रतीक शुक्ला, मोहित पटेल, नैतिक जैन, अण्डर 16 में देव कनौजिया, मंश सचदेवा, आराध्य आदिवाल, गौरव मिश्रा, सौरिश चेनानी, कार्तिक पचौरी, कार्तिक बंसल, जुल्फिकार शेख, अंश यादव, फैज कबीर, प्रिंस कुमार, परिक्षित धिंग, वर्धन त्रिपाठी, सौमंश शर्मा, तेजस पटेल, रुद्र तेंगुरिया, युवराज खटवानी, गौरंग कछवा, आराध्य कोल्ली, आदर्श यादव, ग्रंथ प्रजापति, आरिन ओझा शामिल है।

## अण्डर 14 बालकों की सूची

अण्डर 14 में शुभांकर विश्वकर्मा, भानू भास्कर, हिमांशु गुर्जर, सार्थक मिश्रा, प्रभात तिवारी, आर्यन खेनवार, आरव वशिष्ठ, सक्षम महाले, खुशवंत भाकुनी, दिव्यांश पाराशर, राघव गौर, आराध्या वर्मा, मुकुंद शर्मा, अनिकेत गुप्ता, रुद्र मुकाती, रीधान राठौर, वेदांश माजोका, संजोग सिंह, यश पटेल, रिषभ सिंह, ओम चंद्र असाटी, जयदीप राठौर, उज्वल चक्रवर्ती, देव कंसाना, आराध्य झारिया और प्रणय चौहान को शामिल किया गया है।

## बालिका अण्डर 15 में शामिल खिलाड़ी

बालिकाओं के अण्डर 15 में आराध्या कौशल, गामिनी उइके, रिद्धि मूर्थि, आराध्या मंगरोले, आराध्या सोनी, चंचल चतुर्वेदी, गुरबानी कौर, नाव्या पथिक, शार्वी अग्रवाल, आध्या व्यास, अवनी शुक्ला, सलोनी मंत्री, शुभि दुबे, तिया ठाकुर, आफिया अली, नाव्या मलाकर, कविशा पाठक, नवेली सिंह राठौर, दक्षिता यादव, अलीना खान, वर्षा सविता, दृष्टि राव, आकांक्षा नागर, अन्वी श्रीवास्तव, रोनक पाल, हर्षिता वर्मा, आरिशा खान, काव्या वर्मा, अंशिका रघुवंशी, सौम्या नामदेव और काव्या शुक्ला का चयन किया गया है।

## कादरी नगर इमामबाड़े में जलसा आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** मुहर्रम के अवसर पर गढ़ा मुजावर मोहल्ला स्थित कादरी नगर इमामबाड़े में सवारी के 164 वर्ष पूर्ण होने पर जलसे का आयोजन किया गया, जिसका संयोजन डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी एवं अरशद अली कादरी ने किया। जलसे को संबोधित करते हुए मकबूल अहमद रज़वी ने हज़रत इमाम हुसैन की शहादत और संदेश पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके बाद शहर के वरिष्ठ शायरों शेख निज़ामी, मुख्तार नादिर, शकील दिलकश, सलीम वारसी, वासित कादरी, आसिफ नियाजी ने मनकबत एवं कलाम पेश कर महफ़िल को रूहानी रंग से सराबोर किया। जलसे के समापन पर सलातो-सलाम पेश कर देश की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। इस दौरान परंपरा की नींव रखने वाले मरहूम सरदार अली कादरी को याद कर खिराज-ए-अकीदत पेश की गई।



# यूटीडी ने एमएलबी गर्ल्स को शिकस्त दी

हैंडबॉल प्रीमियर लीग 2026

**जबलपुर नवभारत 20 जून।** सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 26वीं हैंडबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के छठवें दिन के मैच मौलश्री दुबे प्राचार्या सनातन धर्म पब्लिक स्कूल, अनीता साहू, शैला मथाई, मनसुख चौहान, गुरप्रीत कौर, रणजीत कौर, कुलदीप कौर, शैरिल थॉमस एचओडी ग्लोबल कॉलेज के आतिथ्य में हुआ।

बालिका वर्ग में एमएलबी गर्ल्स एवं यूटीडी गर्ल्स के मध्य मैच खेला गया। बड़े ही रोमांचक मैच में यूटीडी गर्ल्स ने 24-04 से जीत हासिल की। मैच का संचालन पलक चंसोरिया, महक जायसवाल ने किया। स्कोरर खुशी बेन, तनवी सतनामी, अंशिका जँघेला, तनुजा सेन रही। अगले दिन के मैचेस शाम 4 बजे से सनातन धर्म पब्लिक स्कूल खेल प्रांगण में खेले जावेंगे। उक्त प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो द्वारा किया गया।



## भाजपा महिला मोर्चा ने किया पाकशाला का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के मार्गदर्शन में रानीताल स्थित महाराणा प्रताप भवन में नगर अध्यक्ष आत्मिका सिंह द्वारा पाकशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य कम या बिना तेल के पौष्टिक आहार बनाने और उसके महत्व के प्रति जागरूकता लाना था। महिला मोर्चा की टीम ने बिना तेल के कई पोषक व्यंजन तैयार कर आम जनता को उनके फायदों की जानकारी दी। इस अवसर पर आत्मिका सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी विभिन्न जिलों के प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल से जनता को अवगत कराकर कम तेल के उपयोग की सलाह दे रही हैं, जिससे यह अपील अब एक मुहिम बन चुकी है। कार्यक्रम में कम तेल के फायदों से जुड़े आकर्षक स्लोगन लगाए गए थे और कार्यकर्ताओं को स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के लिए प्रथम, द्वितीय सहित क्रमशः अन्य पुरस्कार बांटे गए। इस सफल आयोजन में नीता रजक, मोना साहू, सोनिया सिंह, श्वेता गोंटिया, विनीता शुक्ला, रश्मि केवट, अभिलाषा रजक, रूपा दाहिया, रोशनी कुम्बरे, हिना गुप्ता, रश्मि मक्कर, कल्पना सिंह, कृष्णा यादव, सपना सिंह, माया सिंह, देवयानी, सारिका रॉय, मीरा दुबे, पूनम राजपूत और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मानस भवन में मराठी नाटक 'संन्यस्त खड्ग' का मंचन

**नवभारत, जबलपुर।** दक्षिण मध्य सांस्कृतिक क्षेत्र नागपुर और महाराष्ट्र समाज द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय संगीत नाटक महोत्सव के दूसरे दिन मानस भवन में वीर सावरकर लिखित ऐतिहासिक मराठी नाटक संगीत संन्यस्त खड्ग का मंचन हुआ। बुद्धकालीन पृष्ठभूमि पर आधारित यह नाटक विचारधारा और भावपूर्ण संवादों का संगम है। भरत नाट्य संशोधन मंदिर पुणे द्वारा निर्मित यह नाटक कर्तव्य और संन्यास के द्वंद्व के माध्यम से अत्यधिक अहिंसा के दुष्परिणामों को इंगित कर राष्ट्र रक्षा के लिए शस्त्र उठाने की आवश्यकता को दर्शाता है। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ और मंच संचालन सुरेश मुंजे ने किया।

### राष्ट्र रक्षा के लिए शस्त्र उठाने का संदेश

बुद्ध से प्रभावित हो शाक्य सेनापति विक्रम सिंह व सक्षम पुरुषों के संन्यास से दंडशक्ति घटी, जिससे शाक्य राष्ट्र पर कोसल और मगध ने आक्रमण किए। सावरकर ने अत्यधिक अहिंसा को विनाशकारी बता कर सशस्त्र क्रांति की प्रेरणा हेतु यह नाटक लिखा। नाटक में नाट्यगीत 'शत जन्म शोधिताना' ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इसके दिग्दर्शक चिन्मय कटके, संगीतकार रामचंद्रबुवा वझे और सूत्रधार अभय जबडे रहे। मंच पर अजिंक्य कुलकर्णी, ऐश्वर्या भोले, घनश्याम वाईकर, राजन कुलकर्णी, चिन्मय कटके, विश्वास पांगारकर और कीर्ती कस्तुरे ने अभिनय किया। नेपथ्य विश्वास पांगारकर, रंगभूषा नरेंद्र वीर व मधुरा ताम्हनकर, वेशभूषा राकेश घोलप तथा ध्वनी व प्रकाश व्यवस्था सुधीर फडतरे की रही। ऑर्गन पर स्वानंद नेने तथा तबले पर अभिजीत जायदे ने संगत की। कार्यक्रम में डॉ. शिरीष नाईक, विजय भावे, अभय गोरे, पं. नीलेश दाभोलकर, प्रदीप फाटक, वासुदेवराव गुरव, प्रमोद पाठक, चिन्मय कटके, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, राजेंद्र बर्वे और संतोष गोडबोले उपस्थित रहे।





## डॉ .तनूजा चौधरी की तीन कृतियों का विमोचन

**नवभारत,जबलपुर।** पाथेय संस्था के तत्वावधान में प्रतिष्ठित कथा लेखिका,समीक्षक डॉ.तनूजा चौधरी की तीन कृतियां कहानी संग्रह 'अनुबंध' समीक्षा कृति ,'विचार और विश्लेषण' तथा यात्रा संस्मरण 'नीले बादलों के साथ' का विमोचन होटल कल्चुरी में किया गया । समारोह के अध्यक्ष महाकवि आचार्य भगवत दुबे एवं मुख्य अतिथि जस्टिस मीना भट्ट थीं। स्वागताध्यक्ष डॉ. पुष्पराज सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. मीना गुप्ता एवं डॉ. मृदुला सिंह रहीं। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. तनूजा चौधरी ने साहित्य की विविध विधाओं में निरंतर सृजन किया है, उनकी कहानियों में सामाजिक मर्म है ,उनके द्वारा की गई समीक्षाओं में कृति एवं कृतिकार के समग्र दर्शन समाहित रहते हैं। समारोह में उन्हें पाथेय संस्था द्वारा शब्दश्री अलंकरण से अतिथियों के साथ प्रतुल श्रीवास्तव,विजय नेमा,संतोष नेमा, गणेश प्यासा,विनीता विधि, सिद्धेश्वरी सराफ ने सम्मानित किया। इस अवसर पर साहित्य अकादमी द्वारा सम्मान के लिए चयनित डॉ.शिव कुमार व्यास डॉ. कौशल दुबे एवं अभिमन्यु जैन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विविध संस्थाओं से डॉ. सुरेंद्रलाल साहू निर्विकार,आचार्य डॉ.विजय किसलय, सुशील श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह,डॉ.आर.के. श्रीवास्तव, डॉ.आभा तिवारी, डॉ.बीना शर्मा,डॉ. शोभा सिंह,डॉ. सलमा जमाल, डॉ.अनिल कोरी, डॉ.राजेश तिवारी,मृगेंद्र नारायण सिंह, दीपक पचौरी मौजूद रहे। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आभार प्रतुल श्रीवास्तव ने किया।



# रोटरी क्लब का समापन समारोह आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर द्वारा आहूजा रोटरी परिसर, लोहिया पुल, पचपेढ़ी में अध्यक्ष मिताली बनर्जी के कार्यकाल पूर्ण होने पर भव्य थैंक्स गिविंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। मिताली बनर्जी के सफल कार्यकाल के दौरान रोटरी क्लब ने शिक्षा, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन कल्याण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। इसके साथ ही इस विशेष अवसर पर क्लब द्वारा शहर के एक चौराहे को गोद लेने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में मिताली बनर्जी ने स्वामी विवेकानन्द के संदेश का उल्लेख कर बताया कि कार्यकाल में लगभग 70 सेवा व सामुदायिक परियोजनाएं पूर्ण की गईं। उन्होंने वरिष्ठ रोटेरियन एवं पूर्व जिला गवर्नर विवेक कृष्ण तन्खा के सहयोग से रोटरी भवन के नवीनीकरण होने पर आभार जताया। साथ ही वरिष्ठ सदस्यों एन.के. श्रीवास्तव, लोकेश चौबे, बलदीप सिंह मैनी और गीता शरत तिवारी के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार कहा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, वरिष्ठ रोटेरियन एवं पूर्व जिला गवर्नर विवेक तन्खा, सुनील पाठक, डॉ. नवनीत सक्सेना, आईएमए अध्यक्ष डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. राजेश धीरवाणी, डॉ. पुष्पराज पटेल, एन.के. श्रीवास्तव, लोकेश चौबे, बलदीप सिंह मैनी, गीता तिवारी, रूपेश राय, जय सचदेवा और अंकुर महेश्वरी उपस्थित रहे।

## खालसा लीगल एड ने बांटा शरबत



**नवभारत, जबलपुर।** गुरु अर्जन देव के शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में सिक्ख वकीलों की संस्था खालसा लीगल एड ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए छबील लगाई, जिसमें सभी को ठंडा शरबत वितरित किया गया। संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नरिन्दरपाल सिंह रूपराह ने जानकारी दी कि संस्था के सभी युवा अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर सेवा की और पहले गेट के पास और बाद में एक-एक वार्ड में जाकर सभी को शरबत पिलाया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवीन सक्सेना, डॉ. वाणी अहलुवालिया, डॉ. नीलिमा सिंह सहित अन्य चिकित्सकों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया और स्वतः भी शरबत वितरित किया। इस सेवा कार्य में उपाध्यक्ष अवतार सिंह, सचिव बलवंत राय, हरिंदरजीत सिंह बब्बू, गुरुप्रीत सिंह, रबनूर सिंह, सुदीप सिंह, कुलजीत सिंह, गगन सिंह तलवार, दलवीर सिंह, चरनजीत सिंह और शैलेन्द्र सिंह ने भरपूर योगदान दिया।

# 200 से अधिक नागरिकों ने उठाया लाभ

अर्जुन व्यवसायी शाखा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**नवभारत,जबलपुर।** सेवा, समर्पण और समाज कल्याण की भावना को साकार करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अर्जुन व्यवसायी शाखा (स्टेडियम), नर्मदा भाग द्वारा सेवा भारती, रोटरी क्लब एवं सक्षम के संयुक्त तत्वावधान में पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम, राइट टाउन, जबलपुर में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस जनहितकारी शिविर का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना तथा नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

शिविर में 2 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श का लाभ प्राप्त किया। अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विस्तृत परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा (शुगर), रक्त जांच सहित अनेक आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के संबंध में भी जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नवीन कोठारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। वहीं डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से समाजहित एवं जनकल्याण के विभिन्न आयामों पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवा एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज के अधिकाधिक लोगों को लाभ पहुंच सके। शिविर के सफल आयोजन में स्वयंसेवकों, चिकित्सकों एवं सहयोगी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वयंसेवकों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाओं का कुशल संचालन करते हुए नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी चिकित्सकों, अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

लोकार्पण
काशी दादा की स्मृति में आज मार्ग का होगा लोकार्पण, शहर के साथ पत्रकार जगत देगा श्रद्धांजलि

# निर्भीक और निडर पत्रकारिता के अमिट हस्ताक्षर थे काशी

फोटो 20

नवभारत,जबलपुर। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता को अपनी निर्भीक लेखनी, निष्पक्ष सोच और सिद्धांतनिष्ठ कार्यशैली से नई पहचान देने वाले संस्कारधानी के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय काशीनाथ शर्मा 'काशी दादा' की पुण्य स्मृति में नगर निगम द्वारा घोषित पं. काशीनाथ शर्मा मार्ग का लोकार्पण आज 21 जून को किया जाएगा। इस अवसर पर जबलपुर पत्रकार संघ द्वारा गरिमामय श्रद्धांजलि समारोह का भी आयोजन किया गया है।



### अपनी बेबाक़ी के लिए 'दादा 'के नाम से जाने जाते थे

उम्र नही, कलम और जुबान से सब उन्हें सम्मान से दादा पुकारते थे जबलपुर की पत्रकारिता में 'काशी दादा' एक ऐसे अमिट हस्ताक्षर थे, जिनकी पहचान बेबाक, निडर और निष्पक्ष पत्रकार के रूप में रही। उन्होंने अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में कभी भी सत्ता, दबाव या प्रलोभन के आगे अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना और सत्ता से सवाल पूछना उनकी कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा था। यही कारण रहा कि वे पत्रकारिता जगत के साथ-साथ आम नागरिकों के बीच भी सम्मान और विश्वास के प्रतीक बने रहे।

जबलपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर ने बताया कि नगर पालिक निगम द्वारा इलाहाबाद बैंक चौराहा से साईं मंदिर, सिविल लाइंस तक के मार्ग का नामकरण स्वर्गीय काशीनाथ शर्मा के नाम पर किया गया है। मार्ग लोकार्पण समारोह 21 जून शाम5 बजे से आयोजित होगा।

समारोह में मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू अध्यक्षता करेंगे। विधायक अशोक रोहाणी, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. आलोक मिश्रा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल एवं पार्षद श्याम कनोजिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### इनका कहना है



काशी जैसी बेबाकी, निर्भीकता और सिद्धांतों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की आज की पत्रकारिता में अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने अपने पूरे पत्रकारिता जीवन में सत्य, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्भीकता के साथ अपनी लेखनी चलाई। हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**सचिदानंद शेकटकर, वरिष्ठ पत्रकार**



काशी आज भले ही हमारे बीच भौतिक रूप में नहीं हैं लेकिन उनके पत्रकारिता के मापदंड और सिद्धांत आज भी इतिहास के पन्नों के साथ ही हमारे दिल दिमाग में सुरक्षित हैं। वे हमेशा कहते थे पत्रकारिता का क्षेत्र आसान नहीं है यहाँ काम करने वाले हर कलमवीर को अपनी कलम की निष्ठा बरकरार रखना चाहिए।

**रवींद्र दुबे , वरिष्ठ पत्रकार**

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा
यांत्रिक शाखा, दिनांक 18/06/2026
निविदा सूचना क्र.
JBP-M-Tender-12A-2026
निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/नकज, आर.ओ.एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है निविदा सूचना क्रमांक दिनांक : JBP-M-Tender-12A-2026, Dated : 18/06/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : कै.वै.डिपो एनकेजे में सिक लाइन मरम्मत गतिविधियों की आउटसोर्सिंग, कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये : 59320419.33, बयाना राशि रुपये : 1186400.00, समापन की अवधि : 24 माह, निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय : 10.07.2026 (15:00 Hrs.) उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट https:ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई हैं। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

समक्ष श्रीमान आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी श्री आदित्य जोशी)
// समंस / नोटिस //
रानू लोनिया ........आवेदिका
विरूद्ध
नरेन्द्र रेड्डी एवं अन्य ........अनावेदकगण
प्र.क्र.:- 62/डब्लू.सी.ए./2023
प्रति, पेशी दिनांक :- 29/07/2026
अशोक मालेश्वर पिता श्री पूनाराम मालेश्वर
उम्र 35 वर्ष लगभग, निवासी ग्राम गोखना,
जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश)
आवेदिका ने आप लोगों के विरुद्ध इस न्यायालय में धारा 22 कर्मचारी क्षतिपूति अधिनियम, 1923 के अंतर्गत आवेदिका रानू लोनिया के पुत्र शेखर लोनिया दिनांक 30.04.2022 के कार्य दरम्यान तीसरी मंजिल में अचानक बिजली का करंट लगने से नीचे गिरने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक कर्मचारी की क्षतिपूर्ति 15,12,000/- रु. एवं 50 प्रतिशत पेनाल्टी 7,56,000/- रु. तथा दुर्घटना दिनांक से क्षतिपूर्ति राशि प्राप्ति दिनांक तक 12 प्रतिशत ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र संस्थि है। जिसकी पेशी दिनांक 29.07.2026 को नियत है।
अतः इस ईश्तहार/समंस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 29.07.2026 को प्रातः 11 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक 29.07.2026 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
अस्तु सूचित हो।
आज दिनांक 19.06.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक :- 19.06.2026
स्थान :- बिलासपुर (छ.ग.)
मुहर
आदित्य जोशी
आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम
श्रम न्यायालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

पश्चिम मध्य रेल
ई-टेण्डर नोटिस
विद्युत लोको शेड, दिनांकः 17.06.2026
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन (कटनी) म. प्र. भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से पात्रता पूर्ण करने वाले प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सिंगल ई निविदा के लिये आमंत्रित करते हैं। सं. : 1, निविदा सूचना क्रमांक : एनकेजे/टीआरएस/टी/01/26 दिनांक : 17.06.2026, कार्य का नाम : डिसमेंटिलिंग, ओवरहालिंग, क्लीनिंग, असेम्बलिंग, टेस्टिंग, इंस्पेक्शन एंड एक्सटीरियर पेंटिंग ऑफ 20100CGM टाइप 3 फेज लोको एल्गी कंप्रेसर फॉर पीरियड ऑफ 2 इयर्स एट ELS/NKJ इंक्लूसिव ऑफ GST at the rate 18% एंड अदर इन्सिडेंटल चार्जेज फॉर पीरियड ऑफ 02 इयर., निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये) : 5281787.85/-, निविदा फॉर्म की कीमत (रूपये) : Nil, बयाना राशि (रूपये) : 105600.00, कार्य समापन की अवधि : 24 माह, निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 13.07.2026 को 15:00 बजे तक टिप्पणी : 1. निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र हमारे वैबसाइट "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। ई निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी मेन्युअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/टीआरएस/नई कटनी जंक्शन, प.म. रेल्वे के कार्यालय के सूचना पट भी चस्पा की गयी है।, 2. निविदाकारो से अनुरोध है कि निविदा खुलने से पहले यदि कोई शुद्धि पत्र जारी किया गया हो तो उसके अनुसार निविदा भरे एवं असफल होने पर निविदा निरस्त किया जा सकता है।, 3. निविदा फॉर्म का मूल्य निल, जीसीसी अप्रैल 2022 पार्ट। क्लाज नंबर 3 के अनुसार निविदा फॉर्म का मूल्य निल है। ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकार को फ्री में जारी किए जायेंगे ।
(हस्ता.)
सहा. मण्डल विद्युत अभियंता (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर